8-1/CSU/Acd/SA/2025/792

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

Central Sanskrit University

जनकपुरी, नई दिल्ली

Janakpuri, New Delhi

दिनांक/Date: 25-07-2025

(शैक्षणिक विभाग/Academic Section)

अधिसूचना/Notification

विषयः- शिक्षाशास्त्री (प्रथम सत्रार्द्ध) – द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के उपरान्त "Upward Movement" प्रक्रिया के संबंध में।

शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) पाठ्यक्रम प्रथम सत्रार्द्ध (2025–26) के द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया में प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों में से जिन छात्रों ने Upward Movement के लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन किया था, उनके लिए विश्वविद्यालय द्वारा यह सूचना निर्गत की जाती है कि:

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा प्रकाशित मेरिट के आधार पर तथा छात्रों की अध्ययन धारा (Stream) एवं आवंटित श्रेणी (Allotted Category) के अनुसार, विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में द्वितीय चरण प्रवेश के उपरान्त रिक्त स्थानों पर Upward Movement किया गया है।

1. जिन छात्रों का Upward Movement के अंतर्गत नया परिसर आवंटित हुआ है, उन्हें 28 जुलाई 2025 तक अपने पूर्व आवंटित परिसर से औपचारिक रूप से मुक्त होकर, 04 अगस्त 2025 तक नवीन परिसर में भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।
2. समय पर नवीन परिसर में उपस्थित न होने पर छात्र का प्रवेश स्वतः निरस्त मान लिया जाएगा तथा उसकी सीट प्रतीक्षा सूची के पात्र अभ्यर्थी को आवंटित कर दी जाएगी।
3. Upward Movement का यह परिणाम अंतिम एवं अपील रहित है। एक बार नवीन परिसर आवंटित हो जाने के बाद किसी भी प्रकार की परिवर्तन/शिथिलीकरण की अनुमति नहीं होगी।
4. जिन छात्रों को Upward Movement में कोई नया परिसर नहीं मिला है, वे पूर्व आवंटित परिसर में यथावत अध्ययन करेंगे। ऐसे छात्रों के लिए कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
5. यह प्रक्रिया केवल द्वितीय चरण में प्रवेश प्राप्त अभ्यर्थियों तक सीमित है।

(प्रो. मदन मोहन झा)

अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)

प्रतिलिपि-

1. मा. कुलपति महोदय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2. मा. कुलसचिव, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3. परीक्षा नियन्त्रक महोदय
4. निदेशकगण, समस्त सम्बद्ध परिसर
5. परियोजना अधिकारी (वेबसाइट प्रकाशन हेतु)
6. अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र
7. विद्याशाखाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र
8. संबंधित संचिका